लोक सभा अध्यक्ष ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, 25 जनवरी, 2016: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन ने देशवासियों को गणतंत्र दिवस की पूर्वसंध्या पर शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में, श्रीमती महाजन ने कहा हैः

"मैं सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की वर्षगाँठ के अवसर पर शुभकामनाएं देती हूं। आज जब हम अपने लोकतंत्र की सफलता का जश्न मना रहे हैं तो यह संविधान में प्रतिष्ठापित आदर्शों का स्मरण करने का भी अवसर है। हमें याद रखना चाहिए कि संविधान में विहित समानता और बंधुत्व के सिद्धांत हमारे राष्ट्रीय लोकाचार का आधार हैं।

मैं अपने सशस्त्र बलों और अर्ध सैनिक बलों के जवानों को भी शुभकामनाएं देती हूं जो हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। मैं उन शहीदों को भी भावभीनी श्रद्धांजलि देती हूँ जिन्होंने हमारे देश की सुरक्षा और अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी।

आइये, इस शुभ अवसर पर हम देश की सेवा का संकल्प लें और सुनिश्चित करें कि हमारे सभी भाई-बहन प्रगति और कल्याण के पथ पर अग्रसर हों।